>

Title: Need to impress upon the Chattisgarh Government to release adequate water for Hirakund Reservoir in Odisha.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, last evening you were in the Chair and you allowed me to speak on the Mahanadi River water dispute. As it has been listed today, I am just putting forth that issue in a different perspective. छत्तीसगढ़ में महानदी अपस्ट्रीम अप हीराकुंड रिजर्वायर में कई बैरेजेस बन गए हैं । आज हालत यह है कि जलस्तर छ: फीट नीचे आ गया है । मार्च महीने में अगर रिजर्वायर का जलस्तर छ: फीट नीचे आ जाता है तो आप अनुमान लगा सकते हैं कि अप्रैल, मई, जून और बारिश आने तक जुलाई महीने में क्या हालत होगी? 15 जिलों में क्या हालत होगी, जहां महानदी सिस्टम से इरिगेशन होती है? इलैक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन तो अलग बात है, इसे सरकार की तरफ से कम किया जा सकता है । इरिगेशन और वाटर रिचार्ज अविरल धारा बहने से होता है, अगर यह रुक जाएगा तो ओडिशा में इस साल क्या हालत होगी? यह बहुत दिक्कत वाली बात है ।

ओडिशा सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार को जता दिया है । अब यह स्थिति आ गई कि पिछले साल जब काफी बारिश हुई, no information was given to the downstream areas, especially of Hirakud Reservoir. A situation arose as if there is a flash flood, but it was very methodically managed. In that respect, I would only urge upon the Central Government to impress upon the Congress Government of Chhattisgarh. इसके लिए व्यवस्था की जाए और आपस में बातचीत करके पानी की व्यवस्था की जाए । नॉन मॉनसून सीजन में हीराकुंड रिजर्वायर में पहले जैसे अविरल पानी आता था, वैसे ही आए, इसकी बहुत आवश्यकता है ।

मैं केंद्र सरकार से निवेदन करता हूं कि छत्तीसगढ़ सरकार को इम्प्रैस करे कि जल्दी से जल्दी पानी छोड़ा जाए ।